अध्याय - 5 प्राकृतिक वनस्पति और वन्य प्राणी

स्मरणीय तथ्य

- जो वनस्पति मनुष्य की सहायता के बिना पैदा होती है तथा लंबे समय तक उस पर कोई मानवीय प्रभाव नहीं पड़ता अक्षत वनस्पति कहलाती है।
- उगाई गई फसलों तथा फलों एवं उपवनों को वनस्पति कहा जाता है किन्तु प्राकृतिक वनस्पति नहीं। क्योंकि ये स्वयं पैदा नहीं होते अपितु ये मुख्यतः मनुष्य द्वारा उगाए जाते हैं।
- भारत में पायी जानेवाली विभिन्न प्रकार की वनस्पतियाँ:-
  - (a) उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन
  - (b) उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन
  - (c) उष्ण कटिबंधीय कंटिले वन तथा झाड़ियाँ।
  - (d) पर्वतीय वन
  - (e) मैंग्रोव वन
- गंगा ब्रह्मपुत्र डेल्टा क्षेत्र में विस्तृत वन क्षेत्र को सुंदरवन का डेल्टा क्षेत्र भी कहा जाता है।
- रॉयल बंगाल टाइगर सुंदरवन के डेल्टा में वन क्षेत्र में पाया जाने वाला प्रसिद्ध जानवर है
- उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन को मानसूनी वन भी कहा जाता है।
- भारत में वर्षा दक्षिण-पश्चिमी मानसून एवं पीछे हटते उत्तरपूर्वी मानसून से होती है।
- पर्वतीय वन क्षेत्रों में तापमान की कमी तथा ऊँचाई के साथ-साथ प्राकृतिक वनस्पति में भी अंतर दिखाई देता है।
- भारत विश्व का एकमात्र देश है जहाँ शेर तथा बाघ दोनों पाए जाते हैं।
- भारत में वनों का कुल क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल का 21.05% है
- भारत में कुल 47000 विभिन्न जातियों पर पौधे पाए जाते हैं, जिसमें भारत का विश्व में दसवां स्थान है।
- भारत में लगभग 15000 फूलों के पौधे हैं जो विश्व के कुल फूलों के पौधों का 6% है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. विश्व में कुल कितने मुख्य जैव विविधता वाले देशों में से भारत एक है ?

a. 12 b. 13
c. 14 d. 15

2. भारत में कुल ____________प्रकार की जातियों के पौधे पाए जाते हैं-

a. 47000 b. 45000
c. 42000 d. इनमें से कोई नहीं।

3. विश्व के कुल फूलों के पौधों का __________ प्रतिशत भारत में पाया जाता है

a. 7% b 11%
c. 10%। d. 6%

4. विश्व के कुल फूलों के कितने प्रकार भारत में पाए जाते हैं?

a. 15000 b. 12000
c. 18000 d. 17000

5. निम्न में से कौन से पौधे बिना फूलों के होते हैं -

a. फर्न b. शैवाल
c. कवक d. उपर्युक्त सभी।

6. वनस्पति तथा प्राणियों में विविधता के कारण है-

a. भूभाग b. मृदा
c. तापमान d. उपर्युक्त सभी।

7. निम्न में से किन कारणों से वनस्पति तथा प्राणी जगत में विविधता पाई जाती है ?

a. सूर्य का प्रकाश b. वर्षा
c. तापमान d. उपर्युक्त सभी।

8. सूर्य के प्रकाश की तीव्रता निम्न में से किस पर निर्भर करती है ?

a. उस स्थान के अक्षांश b. समुद्र तल से ऊँचाई
c. ऋतु d. उपर्युक्त सभी।

9. वनस्पति में विविधता तथा विशेषताएं निम्न में से किस पर निर्भर करती है-

a. तापमान b. वायु
c. a. तथा b. दोनों। d. इनमें से कोई नहीं।

10. बलुई मिट्टी में किस प्रकार की वनस्पति पनपती है?

a. कटीली झाड़ियां b. शंकु वन
c. a. तथा b. दोनों। d. इनमें से कोई नहीं।

11. वन की उपयोगिता निम्न में से क्या है?

a. स्थानीय जलवायु नियंत्रण
b. मृदा अपरदन को रोकना
c. नदियों की धारा को नियंत्रित करना
d. उपर्युक्त सभी।

12. पर्वतों की ढलान में जहाँ मृदा की परत गहरी होती है किस प्रकार के वन पाए जाते हैं?

a. शंकुधारी वन b. पर्णपाती वन
c. कटिली झाड़ियां d. इनमें से कोई नहीं।